5 days Workshop on LaTex for Mathematicians and Physicists

मूल विज्ञान केंद्र में दिनांक 20/03/2023 से 24/03/2023 तक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। लेटेक एक शक्तिशाली सॉफ्टेयर है जो विशेष रूप से समीकरणों और सूत्रों के लिए स्पष्ट, सटीक और दृष्टिगत रूप से आकर्षक वैज्ञानिक दस्तावेज बनाने में मदद करता है। यह शोधकर्ताओ के लिए एक आवश्यक सॉफ्टेयर है, खासकर जब थीसिस या बड़े दस्तावेज लिखना हो । इसके अलावा, कई वैज्ञानिक पत्रिकाएँ हैं जो लेटेक में प्रस्तुतियों को प्राथमिकता देती हैं।

कार्यशाला की शुरुवात डॉ. सुपर्ण सेनगुप्ता के बिब्लियोग्राफी पर व्याख्यान से हुई । इन पांच दिनों में आईआईए, बेंगलुरु के प्रख्यात एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधांशु बरवे, हारवर्ड विश्वविद्यालय की पूर्व पोस्ट डॉ. सुष्मिता चक्रवर्ती, साउथ अफ्रीका के डॉ. अमित ढाकुलकर, आई. आई. टी. के डॉ सब्य साची घोष, एनआईटी के डॉ. एम.कृष्ण प्रसाद, कोंडागांव के डॉ. अरुण कुमार दिवाकर, कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. अविनाश सिंह ने व्याख्यान दिया। वि.वि. के डॉ नंदकुमार चक्रधारी एवं शोधार्थी महेंद्र कुमार वर्मा रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के कनवेनर डॉ. लक्ष्मी कांत और डॉ. गोविंद प्रसाद साहू ने भी कार्यशाला में व्याख्यान दिया।